बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

प्रधान शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या – 25/2024) में न्यूनतम अर्हतांक एवं EWS कोटि के कट–ऑफ अंक के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

आयोग द्वारा प्रधान शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या – 25/2024) का परीक्षाफल दिनांक 01.11.2024 को प्रकाशित किया गया है। परीक्षाफल प्रकाशन के बाद उक्त परीक्षा में शामिल कुछ उम्मीदवारों, विशेषकर EWS कोटि के उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा के न्यूनतम अर्हतांक (Minimum Qualifying Marks) एवं कट–ऑफ अंक विषयक अनावश्यक ई–मेल किये जा रहे हैं।

उक्त के संदर्भ में स्पष्ट करना है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के अन्तर्गत निर्धारित न्यूनतम अर्हतांक (Minimum Qualifying Marks) एवम् परीक्षा हेतु निर्धारित पूर्णांक–150 के अनुसार उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंक निम्नवत् हैः–

कोटि	निर्धारित न्यूनतम अर्हतांक	सफल होने हेतु आवश्यक न्यूनतम अंक (पूर्णांक– 150 के अनुसार)
सामान्य वर्ग (पुरूष) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (पुरूष)	40%	60
पिछड़ा वर्ग (पुरूष)	36.5%	54.75
अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष)	34%	51
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सभी कोटि की महिलाएँ एवं दिव्यांग	32%	48

उपर्युक्त तथ्यों एवम् तालिका में वर्णित कोटिवार निर्धारित न्यूनतम अर्हतांक के अनुसार उक्त परीक्षा में सफल होने हेतु न्यूनतम अंक (पूर्णांक– 150 के अनुसार) से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मेघासूची में शामिल नहीं किया गया है।

13.11.2024

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना